रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 142] नई दिल्ली, शनिवार, जुलाई 13, 2002/आषाढ़ 22, 1924
No. 142] NEW DELHI, SATURDAY, JULY 13, 2002/ASADHA 22, 1924

प्रसार भारती
( भारतीय प्रसारण निगम )
अधिसूचना
नई दिल्ली, 11 जुलाई, 2002

**फा. सं. एन.-10/18/2001-पी.पी.सी.**—प्रसार भारती ( भारतीय प्रसारण निगम ) अधिनियम, 1990 ( 1990 की 25 ) की धारा 9 की उपधारा ( 2 ) के साथ पठित धारा 33 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निगम केन्द्र सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाती है, अर्थात् :—

**1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ :**—( 1 ) इन विनियमों का नाम प्रसार भारती ( भारतीय प्रसारण निगम ) ( उद्घोषक पद ) सेवा विनियम, 2002 है।

( 2 ) ये राजपत्र में प्रकाशत की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

**2. उपयोग :**—ये विनियम संलग्न अनुसूची के कॉलम 1 में विनिर्दिष्ट पदों पर लागू होंगे।

**3. पदों की संख्या और वेतनमान :**—पदों की संख्या और उनका वेतनमान उपर्युक्त अनुसूची के कॉलम 2 और 3 में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. भर्ती का तरीका, सीधी भर्ती के लिए आयु-सीमा/शैक्षिक और अन्य अर्हताएं :**—भर्ती का तरीका, आयु-सीमा, शैक्षणिक और अन्य अर्हताएं और इससे संबंधित अन्य मामले उक्त अनुसूची के कॉलम 3 से 11 में विनिर्दिष्ट हैं।

**5. प्रारम्भिक गठन :**—सभी व्यक्ति जो इन विनियमों के शुरू होने के समय उद्घोषक के पदों पर नियमित आधार पर नियुक्त थे, इन विनियमों के अन्तर्गत ऐसे पदों पर नियुक्त माने जाएंगे।

इन विनियमों के शुरू होने से पहले उनके द्वारा की गई सेवा अगले ग्रेड के लिए पदोन्नति आदि के लिए योग्यता का निर्धारण करने के लिए गिनी जाएगी।

**6. निरअर्हताएं :**—वह व्यक्ति,—

( क ) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित है, विवाह किया है; या

( ख ) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित होते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है,



Scanned by CamScanner

उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा :

परन्तु यदि निगम यह मान लेता है कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षधारक को लागू स्वीय विधि (पर्सनल लॉ) के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

7. **शिथिल करने की शक्ति :**— जहां निगम की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह केन्द्र सरकार से परामर्श करके, उसके कारणों को लेखबद्ध करके, इन विनियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या श्रेणी के व्यक्तियों की बाबत आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगा।

8. **व्यावृति :**—इन विनियमों की कोई भी बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य विशेष पिछड़े वर्गों के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद | पदों की संख्या | वेतन मान | चयन योग्यता के आधार पर किया गया है या वरीयता के आधार पर | सीधी भर्ती के लिए आयुसीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| उद्घोषक ग्रेड-1 | 20* (2002) *कार्यभार के अनुसार संख्या में भिन्नता। | 10,000-325-15,200 रु. | योग्यता के आधार पर चयन | लागू नहीं |

| सीधी भर्ती के लिए अपेक्षित शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएं | क्या सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु तथा शैक्षिक योग्यताएं पदोन्नत के मामले में भी लागू होंगी | परिवीक्षा अवधि, यदि कोई हो |
|---|---|---|
| 6 | 7 | 8 |
| लागू नहीं | लागू नहीं | दो वर्ष |

| भर्ती का तरीका: सीधी भर्ती या पदोन्नति या प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण के आधार पर है और विभिन्न तरीकों द्वारा भरे जाने वाले रिक्त स्थनों का प्रतिशत | जिस ग्रेड से पदोन्नित/ प्रतिनियुक्ति/ स्थानांतरण किया जाएगा | यदि विभागीय पदोन्नति समिति बैठती है, तो उसका गठन कैसे होगा |
|---|---|---|
| 9 | 10 | 11 |
| 100 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा | ग्रेड अर्थात् 6500-10,500/- रुपए के वेतनमान में कम से कम 8 वर्ष की नियमित सेवा करने वाले ग्रेड-2 उद्घोषकों में से। | 1. महानिदेशक, आकाशवाणी —अध्यक्ष<br>2. उपमहानिदेशक (प्रशासन), आकाशवाणी —सदस्य<br>3. कार्यक्रम निदेशक (कार्मिक), आकाशवाणी —सदस्य |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| उद्घोषक ग्रेड-2 | 66* (2002) *कार्यभार के अनुसार संख्या में भिन्नता। | 6,500-200-10,500 रु. | योग्यता के आधार पर चयन | लागू नहीं |

Scanned by CamScanner

| 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | दो वर्ष |

| 9 | 10 | 11 |
|---|---|---|
| 100 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा | ग्रेड अर्थात् 5500-9,000/- रुपए के वेतनमान में कम से कम 3 वर्ष की नियमित सेवा करने वाले ग्रेड-3 उद्घोषकों में से | विभागीय प्रोन्नति समिति<br>1. उप महानिदेशक (प्रशासन) आकाशवाणी —अध्यक्ष<br>2. मुख्य प्रस्तुतकर्ता (नाटक)। कार्यक्रम निदेशक, आकाशवाणी —सदस्य<br>3. कार्यक्रम निदेशक (कार्मिक) —सदस्य |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 2. उद्घोषक ग्रेड-3 | 618*<br>(2002)<br>*कार्यभार के अनुसार संख्या में भिन्नता | 5500-175-9,000 रु. | वरीयता के आधार पर चयन | लागू नहीं |

| 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|
| लागू नहीं होता | लागू नहीं | दो वर्ष |

| 9 | 10 | 11 |
|---|---|---|
| 100 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा | ग्रेड अर्थात् 5,000-8,000/- रुपए के वेतनमान में कम से कम 5 वर्ष की नियमित सेवा करने वाले उद्घोषकों (ग्रेड-4) में से | विभागीय प्रोन्नति समिति :<br>1. आकाशवाणी केन्द्र के केन्द्र-निदेशक क्षेत्रीय अध्यक्ष —अध्यक्ष<br>2. पड़ोसी केन्द्र के केन्द्र निदेशक —सदस्य<br>3. सहायक केन्द्र निदेशक/ सहायक समाचार संपादक या ग्रेड में इसी रैंक का कोई अन्य अधिकारी —सदस्य |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 3. उद्घोषक ग्रेड-4 | 436*<br>(2002)<br>*कार्यभार के आधार पर भिन्न हो सकते हैं। | 5000-150-8000 रु. | लागू नहीं | 18-35 आयु के बीच<br>**नोट:** आयु सीमा निर्धारित करने की निर्णयक तारीख अभ्यार्थियों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी। केवल असम, मेघालय, अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणीपुर नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, जम्मू एवं कश्मीर राज्य के लद्दाख भाग, लाहौल और स्पिति जिला तथा हिमाचल प्रदेश के पांगी उप-प्रभाग, अंडमान तथा निकोबार द्वीप तथा लक्षद्वीप में आवेदकों के लिए निर्धारित अंतिम तिथि को छोड़कर। |

Scanned by CamScanner

| 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|
| **आवश्यक अर्हताएं :**<br>(1) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से प्राप्त उपाधि उच्च शैक्षिक योग्यता प्राप्त आवेदकों को वरीयता दी जाएगी।<br>(2) अच्छे उच्चारण तथा लहजा के साथ प्रसारण के लिए उपयुक्त आवाज।<br>3. रिक्त स्थान के लिए संगत भाषा की जानकारी।<br>4. संबंधित क्षेत्र के संगीत नाटक तथा साहित्य की अच्छी जानकारी।<br>5. राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय मामलों की जानकारी।<br>**वांछनीय :**—एक अन्य भारतीय भाषा देवनागरी लिपि की जानकारी।<br>**टिप्पणी:** उद्घोषकों के लिए आने वाले सभी आवेदकों की स्वर-परीक्षा की रिकार्डिंग की जाएगी तथा यह रिकार्डिंग केंद्र/समाचार सेवा प्रभाग द्वारा तब तक सुरक्षित रखी जाएगी जब तक कार्रवाई सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित नहीं हो जाती और व्यक्ति की नियुक्ति नहीं हो जाती। | लागू नहीं | दो साल |

| 9 | 10 | 11 |
|---|---|---|
| सीधी भर्ती द्वारा | लागू नहीं | **स्थायीकरण के लिए :**<br>1. केन्द्राध्यक्ष —अध्यक्ष<br>2. संबंधित केंद्र के सहायक केन्द्र निदेशक/सहायक समाचार संपादक-सदस्य<br>पदोन्नति हेतु— 1. केंद्र निदेशक/केंद्राध्यक्ष —अध्यक्ष<br>2. महानिदेशक, आकशवाणी द्वारा नामित एक विभागीय प्रतिनिधि —सदस्य<br>3. तीन बाहरी निर्धारक जिनमें से एक संबंधित क्षेत्रीय भाषा का विशेषज्ञ हो और अन्य दो प्रसारण मीडिया से हों जो संबंधित क्षेत्र के संगीत, नाटक, साहित्य आदि के क्षेत्र में विशेषज्ञ हों —सदस्य |

[विज्ञापन III/IV/163/2002-असधा.]

के. एस. शर्मा, कार्यकारी सदस्य

Scanned by CamScanner

**PRASAR BHARATI**
**(Broadcasting Corporation of India)**
**NOTIFICATION**

New Delhi, the 11th July, 2002

**F. No. N-10/18/2001-P.P.C.**—In exercise of the powers conferred by section 33 read with sub-section (2) of section 9 of the Prasar Bharati (Broadcasting Corporation of India) Act, 1990 (25 of 1990), the Corporation, with the prior approval of the Central Government, hereby makes the following regulations, namely:-

1. **Short title and commencement:** - (i) These regulations may be called the Prasar Bharati (Broadcasting Corporation of India) (Announcer posts) Service Regulations, 2002.

   (ii) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Application:** - These regulations shall apply to the posts specified in column 1 of the Schedule annexed hereto.

3. **Number of posts and scales of pay:** - The number of posts and their scales of pay shall be as specified in columns 2 and 3 of the Schedule aforesaid.

4. **Method of recruitment, age limit for direct recruits, educational and other qualifications etc:** -The method of recruitment, age limit, educational and other qualifications and other matters relating thereto shall be as specified in the columns 3 to 11 of the said Schedule aforesaid.

5. **Initial Constitution:** - All persons appointed at the commencement of these Regulations in the Announcer posts on regular basis shall be deemed to have been

2238 GI/02-2

Scanned by CamScanner

appointed in such posts under these Regulations. The service rendered by them before the commencement of these Regulations shall be taken into account for deciding the eligibility for promotion etc. for the next grade.

6. **Disqualification:** - No person-

(a) who, has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said posts:

Provided that the Corporation may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this regulation.

7. **Power to relax:** -Where the Corporation is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, in consultation with the Central Government, by order, for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these regulations with respect to any class or category of persons or posts.

8. **Savings:** - Nothing in these regulations shall affect reservations, relaxation of age limit and other concessions required to be provided for persons belonging to the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, other Backward Communicates, Ex-Servicemen and other categories of persons in accordance with the orders issued by Government from time to time.

Scanned by CamScanner

## SCHEDULE

| Name of post | No. of posts | Scale of pay | Whether selection by merit or selection-cum-seniority | Age limit for direct recruits | Educational and other qualifications required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment whether by direct recruitment or promotion or by deputation/transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods | Grade from which promotion/deputation/transfer to be made | If a Departmental Promotion Committee exists what is its composition |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. Announcer Grade-IV | *436 (2002)<br><br>* (subject to variation dependant on workload) | Rs. 5000-150-8000 | Not applicable | Between 18-35 years<br><br>Note: The crucial date for determining the age limit shall be the closing date for receipt of applications from candidates except for the closing date prescribed for those in Assam, Meghalaya, Arunachal Pradesh, Mizoram, Manipur, Nagaland, Tripura, Sikkim, Laddakh Division of Jammu and Kashmir, Lahaul and | Essential:<br>(1) A degree from a recognized University.<br>(2) Voice suited to broadcasting with good pronunciation and accent;<br>(3) Knowledge of the language relevant to the vacancies ;<br>(4) Fair knowledge of music, drama and literature of the area concerned;<br>(5) Acquaintance with national and international affairs.<br>Desirable:<br>(1) Knowledge of one other Indian language and | Not applicable | Two years. | By direct recruitment. | Not applicable | For confirmation<br>1. Head of Station – Chairman<br>2. Assistant Station Director/Assistant News Editor of the concerned Station - Member<br><br>For Promotion<br>1 Station Director/Head of the Station - Chairman<br>2 One departmental Representative nominated by Director General, Akashvani – Member<br>3. Three outside Assessors, One having expertise in concerned |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Spiti District and Paugi Sub-Division of Himachal Pradesh, Andaman and Nicobar Islands and Lakshadweep. | Devnagri Script.<br>(2)Candidates possessing higher educational qualifications would be preferred;<br><br>*Note*: The voice test of all candidates who appear for the post of Announcers should be recorded and the recording preserved by the Station/ News Service Division till the recruitment proceedings are approved by the competent authority and the person is appointed. | | | | | regional language and two others from the broadcasting media preferably having expertise in the field of music, drama, literature etc., of the concerned region - Member |

| Name of the post | No. of posts | Scale of Pay | Whether selection by merit or selection-cum-seniority | Age limit for direct recruits | Educational & other qualification required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotes | Period of probation, if any | Method of recruitment whether by direct recruitment or promotion or by deputation/ transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods | Grade from which promotion/ deputation/ transfer absorption to be made | If a Departmental promotion Committee exists, what is its composition |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| 2. Announcer Grade III | 618* (2002)<br><br>*(Subject to variation dependent on workload) | Rs.5500-175-9000 | Selection-cum-seniority. | Not applicable | Not applicable | Not applicable | Two years | 100% by promotion | From amongst Announcers (Grade IV) with at least five years' regular service in the grade, i.e. in the pay scale of Rs. 5000-8000/- | **Departmental Promotion Committee**<br>1. Station Director/ Zonal Head, Akashvani Station - chairman<br>2. Station Director of neighbouring station - Member<br>3. Assistant Station Director/ Assistant News Editor or any other officer of similar rank in the grade - Member |

2238 GI/02-3

| Name of post | No. of posts | Scale of pay | Whether selection by merit or selection-cum-seniority | Age limit for direct recruits | Educational & other qualification required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of recruitment whether by direct recruitment or promotion or by deputation/ transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods | Grade from which promotion/ deputation/ transfer absorption to be made | If Departmental Promotion Committee what is its composition. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| 3. Announcer Grade-II | *66 (2002)<br><br>*(Subject to variation dependent on workload) | Rs. 6500-200-10500 | Selection by merit | Not applicable | Not applicable | Not applicable | Two years | 100% by promotion | From amongst Announcer Grade-III with at least three years regular service in the grade, i.e. in the pay scale of Rs. 5000-9000/- | **Departmental Promotion Committee**<br>1. Deputy Director General (Administration), Akashvani - Chairman<br>2. Chief Producer (Drama)/ Director of Programme, Akashvani – Member<br>3. Director of Programmes (Personnel) - Member |

Scanned by CamScanner

| Name of post | No. of posts | | Whether selection by merit or selection-cum-seniority | Age limit for direct recruits | Educational & other qualification required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotes | Period of probation, if any | Method of recruitment whether by direct recruitment or promotion or by deputation/ transfer and percentage of the vacancies to be filled by various methods | Grade from which promotion/ deputation/ transfer absorption to be made | If Departmental Promotion Committee what is its composition. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| 4. Announcer Grade-I | *20 (2002)<br>*(Subject to variation dependent on workload) | Rs. 10000 -325- 15200 | Selection by merit | Not applicable | Not applicable | Not applicable | Two years | 100% by promotion by selection | From amongst Announcer Grade-II with at least eight years regular service in the grade, i.e. in the pay scale of Rs. 6500-10500/- | **Departmental Promotion Committee**<br>1. Director General, Akashvani - Chairman<br>2. Deputy Director General (Administration), Akashvani - Member<br>3. Director of Programmes (Personnel), Akashvani - Member |

[F. No. ADVT.III/IV/163/2002-Exty.]

K. S. SARMA, Executive Member

Printed by the Manager, Govt. of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054 — 2002

Scanned by CamScanner